Seat No. : _______________

MA-I-77

April-2007

Hindi

Paper – IV

(स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी साहित्य का इतिहास)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 100**

1. अकविता आंदोलन का ऐतिहासिक महत्त्व बताते हुए इसके प्रमुख कवियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए । **(15)**

   अथवा

   हिन्दी की प्रतिबद्ध कविता की विशेषताएँ बताते हुए, उसकी उपलब्धियों को रेखांकित कीजिए ।

2. हिन्दी के आंचलिक उपन्यासों के विकास को बताते हुए, प्रमुख पाँच उपन्यासों का संक्षिप्त परिचय दीजिए । **(15)**

   अथवा

   हिन्दी के प्रयोगशील नाटकों के विकास को बतलाइए ।

3. हिन्दी आलोचना के विकास की रूपरेखा बताते हुए हिन्दी मार्क्सवादी आलोचना की विशेषताएँ बताइए । **(15)**

   अथवा

   हिन्दी में नुक्कड़ नाटकों के उद्‌भव और विकास का संक्षिप्त परिचय देते हुए, सफदर हाशमी के योगदान को स्पष्ट कीजिए ।

4. गुजरात के हिन्दी उपन्यासकारों के उपन्यासों की विशेषता बताइए । **(15)**

   अथवा

   स्वातंत्र्योत्तर संस्मरण और रेखाचित्रों के विकास को प्रस्तुत कीजिए ।

5. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए : **(20)**

   (क) उपन्यासकार इलाचंद्र जोशी **अथवा** कवि मुक्तिबोध

   (ख) प्रयोगवाद **अथवा** आषाढ़ का एक दिन

   (ग) हिन्दी आत्मकथा **अथवा** निबंधकार हजारीप्रसाद द्विवेदी

   (घ) अनूदित नाटक **अथवा** उपन्यासकार यशपाल

6. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए : **(20)**

(1) 'प्रेमचंद घर में' जीवनी किसने लिखी है ?

(2) 'दूसरा सप्तक' का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(3) 'तमस' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

(4) ज्ञानरंजन का नाम किस कहानी आंदोलन से जोड़ा जाता है ?

(5) 'संसद से सड़क तक' किसका कविता संग्रह है ?

(6) 'यही सच है' किस लेखिका की कहानी है ?

(7) 'आवारा मसीहा' जीवनी में किस साहित्यकार का जीवन वर्णित है ?

(8) गुजरात में सबसे अधिक हिन्दी प्रबंध काव्य किसने लिखे हैं ?

(9) 'प्रतीक' पत्रिका के संपादक कौन थे ?

(10) लक्ष्मीनारायण लाल का किस विधा में विशेष प्रदान है ?

(11) 'संशय की एक रात' की कथावस्तु किसके जीवन से संबंधित है ?

क - कृष्ण

ख - कर्ण

ग - राम

घ - शिव

(12) इनमें से कौन गुजरात का हिन्दी रचनाकार नहीं है ?

क - वसंत परिहार

ख - सुल्तान अहमद

ग - भगवत शरण अग्रवाल

घ - नरेन्द्र मोहन

(13) इनमें से कौन सी अज्ञेय की रचना नहीं है ?

क - नदी के द्वीप

ख - हरी घास पर क्षण भर

ग - न आने वाला कल

(14) 'आठवाँ सर्ग' किसका नाटक है ?

क - भीष्म साहनी

ख - सुरेन्द्र वर्मा

ग - मोहन राकेश

घ - इनमें से कोई नहीं

(15) 'रुकोगी नहीं, राधिका' किसका उपन्यास है ?

क - मन्नू भंडारी

ख - गिरीश रस्तोगी

ग - कृष्णा सोबती

घ - इनमें से कोई नहीं

(16) इनमें भारत विभाजन पर आधारित कौन सा उपन्यास नहीं है ?

क - आधा गाँव

ख - तमस

ग - झूठा सच

घ - वे दिन

(17) इनमें से कौन सा जैनेन्द्र कुमार का उपन्यास है ?

क - जयवर्धन

ख - जिप्सी

ग - जहाज का पंछी

घ - इनमें से कोई नहीं

(18) इनमें से किसने हिन्दी साहित्य का इतिहास नहीं लिखा है ?

क - हजारी प्रसाद द्विवेदी

ख - शिवप्रसाद सिंह

ग - बच्चन सिंह

घ - रामचंद्र शुक्ल

(19) इनमें से कौन नयी कहानी आन्दोलन से नहीं जुड़ा था ?

क - मोहन राकेश

ख - राजेन्द्र यादव

ग - उदय प्रकाश

घ - कमलेश्वर

(20) इनमें से कौन आलोचक नहीं है ?

क - रामविलास शर्मा

ख - नेमिचंद्र जैन

ग - नामवर सिंह

घ - रघुवीर सहाय